हरिभूमि
# रेवाड़ी भूमि
रोहतक, बुधवार 14 अक्टूबर 2026

**तापमान**

अधिकतम 34 .6 डिग्री
न्यूनतम 20 .8 डिग्री

11 दो अवैध कॉलोनियों पर चला डीटीपी का बुलडोजर, पांच एकड़ का निर्माण किया ध्वस्त



12 मसानी बैराज के दूषित पानी की समस्या का समाधान शुरू, पहले चरण में 125 करोड़ होंगे खर्च



## खबर संक्षेप

### झांसा देकर दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

**रेवाड़ी।** सिटी पुलिस ने झांसा देकर युवती का यौन शोषण करने और जान से मारने की धमकी देने के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने पीड़िता की शिकायत के आधार पर बीते सप्ताह कई धाराओं के तहत केस दर्ज किया था। पीड़िता का अस्पताल से मेडिकल कराया गया था। पुलिस ने मामले की जांच करते हुए राजस्थान के कोटपुतली के एक गांव निवासी आरोपी मनीष को इस मामले में गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के मोबाइल फोन को भी कब्जे में लिया है। बाद में उसे पुलिस बेल पर छोड़ दिया गया।

### दहेज उत्पीड़न मामले में आरोपी काबू

**रेवाड़ी।** पुलिस ने दहेज की मांग पर विवाहिता को परेशान करने और जान से मारने की धमकी देने के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने एक विवाहिता की शिकायत के आधार दोनों पक्षों के बीच राजीनामा कराने के प्रयास किए थे। बार-बार काउंसलिंग के बाद भी उनमें समझौता नहीं हुआ, तो पुलिस ने गत 26 अगस्त को ससुराल पक्ष के लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया था। इस मामले में पुलिस ने जांच के बाद फरीदाबाद के उटावड़ निवासी राकेश को गिरफ्तार कर लिया। तफ्तीश में शामिल करने के बाद उसे रिहा कर दिया गया।

### सड़क हादसों के आरोपी चालक गिरफ्तार

**रेवाड़ी।** पुलिस ने सड़क हादसों के बाद फरार हुए दो चालकों को गिरफ्तार किया है। मॉडल टाउन थाना पुलिस ने पायलट चौक के पास हुए हादसे के बाद 27 सितंबर को आरोपी चालक के खिलाफ केस दर्ज किया था। इस मामले में जांच के बाद पुलिस ने नूंह के बुराका निवासी इरफान को गिरफ्तार कर लिया। हादसे में संपत्ति को नुकसान पहुंचाने के आरोप में 11 अक्टूबर को दर्ज किए गए मामले में पुलिस ने नारनौल के कटकई निवासी ट्रक चालक संदीप को गिरफ्तार किया है। बाद में दोनों को पुलिस बेल पर रिहा कर दिया गया।

### नशीला पदार्थ मुहैया कराने का ओरापी धरा

**रेवाड़ी।** पुलिस ने नशीला पदार्थ मुहैया कराने के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। गत 5 जून को पुलिस ने नशीला पदार्थ बेचने के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया था। उसके कब्जे से नशीला पदार्थ बरामद होने के बाद एनडीपीएस एक्ट के तहत केस दर्ज किया था। पूछताछ के दौरान आरोपी ने बताया था कि उसे नशीला पदार्थ राजस्थान के कोटकासिम के मोहल्ला जोशीवाड़ा निवासी रितिक ने मुहैया कराया था। पुलिस ने उसे भी गिरफ्तार करने के बाद कोर्ट में पेश करते हुए जेल भेज दिया।

### अवैध शराब के साथ पकड़ा एक आरोपी

**धारूहेड़ा।** पुलिस ने अवैध शराब बेचने के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस को सूचना मिली थी कि तातरपुर इस्तमुरार निवासी संदीप अवैध शराब बेचने का धंधा करता है। सूचना मिलने के बाद पुलिस ने बताए गए स्थान पर रेड की, तो संदीप पुलिस के हत्थे चढ़ गया। उसके कब्जे से देशी शराब 48 पव्वे बरामद हुए। आरोपी को गिरफ्तार करने के बाद उसके खिलाफ एक्साइज एक्ट के तहत केस दर्ज कर लिया गया।

### सीहा में आसावरी मां का जागरण 18 व भंडारा 19 को

**रेवाड़ी।** क्षेत्र के गांव सीहा में पहाड़ी पर स्थित आसावरी मां के मंदिर में आगामी 19 अक्टूबर को भंडारा आयोजित होगा। मंदिर के व्यवस्थापक रिसलदार रामपाल सिंह चौहान ने बताया कि 18 की रात्रि को जागरण होगा, जिसमें लोक गायक कलाकार बजरंग खरकिया की पार्टी मां की महिमा का गुणगान करेगी।

पुलिस ने तलाशने के लिए मांगा दो दिन का समय, इसके बाद ग्रामीण जाम खोलने को हुए सहमत

# दसवीं का छात्र दो दिन से लापता, थाने के चक्कर लगा रहे परिजन, छोटूराम चौक पर लगाया जाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी/बावल

दो दिन पहले खुर्मपुर गांव के दसवीं में पढ़ने वाले 17 वर्षीय किशोर को पड़ोसी गांव का एक युवक बाइक पर बैठाकर अपने साथ ले गया था। उसके बाद किशोर घर नहीं लौटा। परिजन शिकायत दर्ज कराने के बाद दो दिन से पुलिस थाने के चक्कर काटते रहे, लेकिन पुलिस ने किशोर की तलाश में कोई कदम नहीं उठाए। गुस्साए ग्रामीणों ने छोटूराम चौक पर जाम लगा दिया। सीआईए इंचार्ज संजय कुमार ने जाम लगाने वाले ग्रामीणों को आश्वासन दिया कि पुलिस दो दिन में किशोर का पता लगा लेगी। इस आश्वासन के बाद ही ग्रामीण जाम खोलने को तैयार हुए। जाम लगाने वाले ग्रामीणों और परिजनों ने बताया कि गत 10 अक्टूबर की रात करीब 9 बजे बिदावास गांव के अमित नामक युवक ने समीर को फोन किया था। अमित बाइक लेकर समीर के घर आया था। इसके बाद वह उसे बाइक पर अपने साथ ले गया। परिजन देर रात तक समीर के लौटने का इंतजार करते रहे, परंतु उसका कोई पता नहीं चल सका। उसका मोबाइल फोन भी लगाातार बंद आ रहा है। जब समीर सुबह तक घर नहीं लौटा, तो परिजनों ने बावल थाना पुलिस को उसकी गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज करा दी। परिजनों का आरोप है कि पुलिस ने अमित से कोई पूछताछ तक नहीं की। समीर के सहपाठियों से पूछताछ तक सीमित रही है। ग्रामीणों को साथ लेकर मंगलवार को परिजन बावल पुलिस थाने पहुंचे थे। आरोप है कि पुलिस ने ग्रामीणों को संतोषजनक जवाब नहीं दिया। इसके बाद गुस्साए ग्रामीणों ने बावल के छोटूराम चौक पर बैठकर जाम लगा दिया। जाम लगाने वालों में बड़ी संख्या में महिलाएं भी शामिल थीं।



रेवाड़ी। बावल के छोटूराम चौक पर जाम लगाते ग्रामीण। फोटो : हरिभूमि

### जाम खुलने के बाद लोगों ने राहत की सांस ली

बावल के प्रमुख छोटूराम चौक पर जाम लगाने के बाद वाहनों का आवागमन चारों ओर से बाधित हो गया। इससे वाहन चालकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। रेवाड़ी की आरे आने वाले वाहन भी जाम के कारण बस स्टॉप से नहीं चल पाए। वाहन चालकों ने वैकल्पिक मार्गों का इस्तेमाल किया। एक घंटे बाद जाम खुलने के बाद ही लोगों ने राहत की सांस ली।

### एसपी को मौके पर बुलाने की मांग

जाम लगाने वाले लोगों ने बावल थाना पुलिस की कार्यशैली पर सवाल उठाते हुए मौके पर एसपी को बुलाने की मांग की। एसपी हेमेंद्र कुमार मीणा के निर्देश पर सीआईए प्रभारी संजय कुमार ग्रामीणों के बीच पहुंचे। ग्रामीणों काफी देर तक एसपी को बुलाने की मांग करते रहे। सीआईए प्रभारी ने ग्रामीणों को आश्वासन दिया कि सीआईए लापता किशोर का दो दिन में पता लगा लेगी। इसके बाद ग्रामीण जाम खोलने को तैयार हुए।



रेवाड़ी। ग्रामीणों को समझाते हुए पुलिस अधिकारी। फोटो : हरिभूमि

### समीर मां-बाप का इकलौता बेटा

समीर का पिता ओमपाल बावल की एक निजी कंपनी में काम करता है। समीर दसवीं कक्षा में पढ़ता है। वह दो बहनों का इकलौता भाई है। उसके लापता होने के बाद से परिवार परेशान है। उसकी तलाश के लिए परिजन पुलिस से लगातार गुहार लगा रहे हैं। ग्रामीणों ने पुलिस प्रशासन से मांग की कि समीर का जल्द से जल्द पता लगाकर उसे परिजनों के सुपुर्द किया जाए।

### अमित सीआईए की हिरासत में

सूत्रों के अनुसार जिस अमित नाम के युवक पर समीर को अपने साथ ले जाने के आरोप लगाए जा रहे हैं, जाम खुलवाने के बाद सीआईए ने उसे पूछताछ के लिए हिरासत में ले लिया। मोबाइल फोन बंद आने के कारण समीर की लोकेशन का पता नहीं चल पा रहा है। सीआईए प्रभारी के अनुसार किशोर को जल्द से जल्द तलाशने के पूरे प्रयास किए जा रहे हैं।

### कोसली में नए बस स्टैंड बनने का इंतजार खत्म शीघ्र शुरू होगा कार्य

**कोसली।** कोसली में नया बस स्टैंड बनने का इंतजार अब खत्म हो गया है। विधायक अनिल यादव के प्रयासों से कोसली अनाज मंडी के समीप परिवहन विभाग की भूमि पर 6 बेयज के बस स्टैंड का निर्माण कार्य शुरू होने वाला है। एक साल पहले कोसली को परिवहन विभाग का सब डिपो तथा 6 बेयज के बस स्टैंड की सौगात मिली थी, जिसके लिए 11 करोड़ 57 लाख की राशि स्वीकृत की गई थी। अब इसमें से 5 करोड़ 37 लाख 46 हजार रुपये बस स्टैंड बनवाने के लिए लोक निर्माण विभाग को मिल चुके हैं, जिसके टेंडर हो चुके हैं। बस स्टैंड निर्माण कार्य की जल्द ही आधारशिला रखी जा सकती है। बस स्टैंड और कोसली को सब डिपो का दर्जा दिलाने के लिए विधायक अनिल यादव ने हरियाणा सरकार के परिवहन मंत्री अनिल विज से अनुरोध किया था। नया बस स्टैंड बनने से आमजन को बेहतर परिवहन सेवाएं मिल सकेंगी। इसके अलावा नया बस स्टैंड बनने के बाद सब डिपो का पूरा स्टाफ यहां नियुक्त होगा, जिससे परिवहन कर्मचारियों की भी कमी नहीं रहेगी। कोसली के विधायक ने बस स्टैंड को मंजूरी दिलाने और काम शुरू कराने के लिए मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह व स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव का आभार व्यक्त किया है।

- नया बस स्टैंड बनने से आमजन को बेहतर परिवहन सेवाएं मिल सकेंगी

## खड़े ट्रक में दूसरे ने मारी टक्कर केबिन में फंसा चालक गंभीर



रेवाड़ी। जैसलमेर नेशनल हाइवे पर सड़क किनारे खड़े डंपर। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

दिल्ली-जयपुर नेशनल हाइवे पर सोमवार देर रात सड़क किनारे खड़े एक ट्रक में पीछे से आ रहा ट्रक घुस गया। इस हादसे में पीछे से आ रहे ट्रक का चालक केबिन में फंसकर गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने लोगों की मदद से उसे निकालकर अस्पताल पहुंचाया। रात को हाइवे पर एक ट्रक सड़क किनारे खड़ा हुआ था। उसी लेन में आ दूसरे ट्रक के चालक को सड़क पर खड़ा ट्रक दिखाई नहीं दिया। इससे उसका ट्रक आगे खड़े ट्रक में घुस गया। ट्रक का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। चालक केबिन में बुरी तरह फंस गया। आसपास के लोगों की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंच गई। केबिन के अगले हिस्से को उखाड़कर पुलिस ने चालक को बाहर निकलवाया। इसके बाद उसे अस्पताल पहुंचाया गया। हादसे में चालक के पैर बुरी तरह जख्मी हो गए। पुलिस ने सड़क पर खड़े ट्रक के चालक के खिलाफ केस दर्ज करने के बाद उसकी तलाश शुरू कर दी।



रेवाड़ी। हादसे के बाद चालक को कैबिन से निकालता एक व्यक्ति।

### हादसों को लगातार दे रहे बढ़ावा

नेशनल हाइवे पर सड़क के किनारे बड़ी संख्या में ट्रक खड़े किए जाते हैं। एनएच-48 और जैसलमेर नेशनल हाइवे पर ढाबों के सामने रात को बड़ी संख्या में ट्रक खड़े होते हैं। इससे पीछे से आने वाले वाहन चालकों को ट्रक दिखाई नहीं देते। ऐसे ट्रकों के कारण आए दिन हादसे होते रहते हैं।

## श्रद्धालुओं ने की देवी चंद्रघंटा की आराधना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

शहर के मंदिरों में उपासकों ने मंगलवार को नवरात्र पर दुर्गा मां के तीसरे स्वरुप मां चंद्रघंटा की पूरे विधि विधान से पूजा अर्चना की। प्रातः से ही मंदिरों में श्रद्धालुओं का आना शुरू हो गया। मंदिर कमेटियों की ओर से माता के सभी मंदिरों को भव्य ढंग से सजाया गया है। दुर्गा मां के पर्व को मनाने के लिए शहर के कई मंदिरों ने विशेष धार्मिक अनुष्ठानों का भी आयोजन किया जा रहा है। बारा हजारी में सर्वजननी दुर्गोत्सव समिति की ओर से मां बगुलामुखी का पांडाल सजाया गया है। माता की रोजाना आरती व पूजा की जा रही है। समिति की ओर से 20 अक्टूबर को विजयादशमी के पर्व पर माता की शोभा यात्रा निकालकर प्रतिमा का विसर्जन किया जाएगा। मान्यता है कि देवी चन्द्रघंटा मस्तक पर अर्ध चन्द्र को सुशोभित किए हुए जीवन मे प्रकाश का स्त्रोत बन कर कार्य करती है। तीसरे नवरात्रे की पूजा का विशेष महत्व माना गया है। नवरात्रों के चलते शहर के बारा हजारी स्थित प्राचीन दुर्गा माता मंदिर, धारूहेड़ा चुंगी स्थित काली माता मंदिर, बड़ा तालाब स्थित मंसा माता मंदिर, नई बस्ती स्थित मंसा देवी मंदिर, सेक्टर-3 स्थित माता मंदिर, बारा पत्थर स्थित कालीमाता मंदिर, आर्य समाज रोड स्थित दुर्गामाता मंदिर सहित जिले के सभी मंदिरों में मां दुर्गा की पूजा के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ नजर आ रही है।



### कर्नाटक की नवनियुक्त राज्यपाल डा. सुधा यादव को दी बधाई

**कोसली।** भाजपा वरिष्ठ नेता वीरकुमार यादव ने कर्नाटक राज्य की नवनियुक्त राज्यपाल डा. सुधा यादव के गुरुग्राम स्थित आवास पर पहुंचकर उनसे शिष्टाचार भेंट की। उन्होंने डा. सुधा यादव को शाल ओढ़ाकर एवं पुष्पगुच्छ भेंट कर राज्यपाल नियुक्त होने पर शुभकामनाएं दीं। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि वे अपनी नई जिम्मेदारी का निर्वहन पूरी निष्ठा, समर्पण और कुशलता के साथ करेंगी। वीरकुमार यादव ने डा. सुधा यादव के सुपुत्र एवं राष्ट्रीय मीडिया सह कोआर्डिनेटर सिद्धार्थ यादव को भी शुभकामनाएं दीं। इस मौके पर रमेश शर्मा एडवोकेट एवं संजय राव भी उपस्थित रहे।



रेवाड़ी। डा. सुधा यादव को बधाई देते भाजपा नेता वीर कुमार यादव।

## पुलिस के बेड़े में शामिल हुईं 30 नई अत्याधुनिक बाइक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

जिले में कानून-व्यवस्था बनाए रखने, अपराध नियंत्रण और आमजन को त्वरित पुलिस सहायता उपलब्ध कराने की दिशा में रेवाड़ी पुलिस को बड़ी सौगात मिली है। देश की प्रमुख दोपहिया वाहन निमार्ता कंपनी हीरो मोटोकॉर्प लिमिटेड ने अपनी कॉर्पोरेट सामाजिक जिम्मेदारी पहल सुरक्षा साथी के तहत पुलिस को 30 नई अत्याधुनिक बाइक भेंट की हैं। इन बाइकों के पुलिस बेड़े में शामिल होने से जिले में गश्त व्यवस्था को मजबूती मिलने के साथ-साथ आपात स्थिति में पुलिस की प्रतिक्रिया क्षमता भी बेहतर होने की उम्मीद है। धारूहेड़ा स्थित हीरो मोटोकॉर्प के प्लांट परिसर में आयोजित कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक हेमेंद्र कुमार मीणा ने मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए।



रेवाड़ी। कार्यक्रम में मौजूद एसपी व कंपनी के अधिकारी, बाइक रवाना करते हुए एसपी हेमेंद्र मीणा। फोटो : हरिभूमि



### हीरो मोटोकॉर्प के प्रबंधन का आभार जताया

इस मौके पर एसपी हेमेंद्र कुमार मीणा ने हीरो मोटोकॉर्प के प्रबंधन और सीएसआर टीम का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि कानून-व्यवस्था बनाए रखने और नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए पुलिस प्रशासन लगातार प्रयासरत है। ऐसे में सामाजिक उत्तरदायित्व के तहत उद्योग जगत की ओर से मिलने वाला सहयोग पुलिस की कार्यक्षमता बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

### हीरो मोटोकॉर्प के वरिष्ठ अधिकारी रहे मौजूद

कार्यक्रम में हीरो मोटोकॉर्प की ओर से कॉर्पोरेट कम्युनिकेशंस एवं सीएसआर प्रमुख लतिका तनेजा, प्लांट हेड यशपाल सरदाना, प्लांट एचआर हेड एवं लीड ईआर धर्म रक्षित, डीजीएम एचआर अमित मलिक, सीएसआर प्रमुख स्मिता शर्मा, सुरक्षा प्रमुख सोनिका छाबड़ा तथा सीएसआर सेक्शन हेड अक्षय सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। कंपनी के अधिकारियों ने सुरक्षा साथी पहल के माध्यम से समाजहित, सड़क सुरक्षा और पुलिस प्रशासन के सहयोग के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई।

उन्होंने डीएसपी मुख्यालय संजीव बल्हारा तथा हीरो मोटोकॉर्प के वरिष्ठ अधिकारियों की मौजूदगी में बाइकों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

**पदोन्नति** एसपी हेमेंद्र कुमार मीणा ने कंधों पर अशोक स्तंभ लगाकर दी पदोन्नति की बधाई

# एएसपी से एडिशनल एसपी बनीं दीपिका

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

मेहनत, प्रतिभा और दृढ़ संकल्प के दम पर सफलता की नई इबारत लिखने वाली आईपीएस अधिकारी दीपिका अग्रवाल को पदोन्नति का तोहफा मिला है। एएसपी से एडिशनल एसपी के पद पर पदोन्नत होने के बाद जिला पुलिस कार्यालय में उनके सम्मान में कार्यक्रम आयोजित किया गया। एसपी हेमेंद्र कुमार मीणा ने दीपिका अग्रवाल के कंधों पर अशोक स्तंभ लगाकर उन्हें नई जिम्मेदारी के लिए बधाई दीं। पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों ने भी उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। दीपिका अग्रवाल की यह पदोन्नति उनके सेवा सफर का महत्वपूर्ण पड़ाव है। उनकी शैक्षणिक उपलब्धियां, कॉरपोरेट क्षेत्र का अनुभव और भारतीय पुलिस सेवा में अब तक की यात्रा उन्हें एक अलग पहचान प्रदान करती है। दिल्ली विश्वविद्यालय के प्रतिष्ठित श्रीराम कॉलेज ऑफ कॉमर्स से वाणिज्य में स्नातक और हैदराबाद स्थित इंडियन स्कूल ऑफ बिजनेस से फाइनेंस में एमबीए करने के बाद उन्होंने कॉरपोरेट जगत में इन्वेस्टमेंट प्रोफेशनल के रूप में कार्य किया। इसके बाद उन्होंने सिविल सेवा का रास्ता चुना और अपनी प्रतिभा को जनसेवा के क्षेत्र से जोड़ा। आईपीएस के 2023 बैच की अधिकारी दीपिका अग्रवाल का शैक्षणिक और व्यावसायिक सफर उनकी बहुआयामी प्रतिभा को दर्शाता है। वित्तीय क्षेत्र में काम करने के अनुभव ने उन्हें विश्लेषण, योजना निर्माण और निर्णय लेने जैसी क्षमताओं से परिचित कराया।



### जनसेवा और जवाबदेही पर रहेगा जोर

दीपिका अग्रवाल ने एसपी सहित पुलिस के अधिकारियों और कर्मचारियों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि विभाग ने उन पर जो विश्वास जताया है, उस पर खरा उतरने के लिए वह पूरी निष्ठा, ईमानदारी और समर्पण के साथ काम करेंगी। क्षेत्र में कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने और आमजन की शिकायतों के त्वरित समाधान के लिए निरंतर प्रयास करना उनकी प्राथमिकताओं में शामिल रहेगा।

### त्योहारों पर रेल यात्रियों को बड़ी राहत उत्तर पश्चिम रेलवे ने की विशेष व्यवस्थाएं



**रेवाड़ी।** आगामी त्योहारों के दौरान यात्रियों की बढ़ती संख्या एवं अतिरिक्त यात्रीभार को देखते हुए उत्तर पश्चिम रेलवे की ओर से यात्रियों को सुगम, सुरक्षित एवं सुविधाजनक रेल यात्रा उपलब्ध कराने के लिए व्यापक व्यवस्थाएं की जा रही हैं। त्योहारों के दौरान यात्रियों को आवागमन में परेशानी न हो तथा अधिक से अधिक यात्रियों को उनके गंतव्य तक पहुंचने के लिए रेल सुविधा मिल सके, इसके लिए स्पेशल रेलसेवाओं का संचालन, पूर्व में संचालित स्पेशल रेलसेवाओं की अवधि में विस्तार तथा नियमित रेलसेवाओं में अतिरिक्त डिब्बे लगाए जा रहे है। उत्तर पश्चिम रेलवे की ओर से 13 जोड़ी नई स्पेशल रेलसेवाओं का संचालन किया जा रहा है, जिनके कुल 264 फेरे होंगे। इन रेलसेवाओं के माध्यम से यात्रियों को विभिन्न प्रमुख शहरों एवं गंतव्यों के लिए अतिरिक्त यात्रा विकल्प उपलब्ध होंगे। इसके साथ ही, पूर्व में संचालित 16 जोड़ी स्पेशल रेलसेवाओं की संचालन अवधि बढ़ाई गई है, जिनके 406 फेरे संचालित होंगे। वहीं, 9 जोड़ी बाईपास स्पेशल रेलसेवाओं की अवधि में भी विस्तार किया गया है, जिनके कुल 154 फेरे होंगे। इस प्रकार त्योहारों के दौरान कुल 38 जोड़ी स्पेशल रेलसेवाओं के 824 फेरे संचालित किए जाएंगे। इसके अतिरिक्त, यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए 48 जोड़ी नियमित रेलसेवाओं में विभिन्न श्रेणियों के कुल 150 डिब्बों की अस्थायी बढ़ोतरी की जा रही है।



# रामायण फिल्म से सामने आया जटायु का पोस्टर...

**नई दिल्ली।** फिल्म 'रामायण' के मेकर्स ने 'जटायु' से पर्दा उठा दिया है। मेकर्स ने फिल्म का नया पोस्टर जारी किया है। इस किरदार को फिल्म में एक खास एक्टर की आवाज मिलने वाली है। फिल्म 'रामायण' के किरदारों के बारे में एक-एक करके जानकारी सामने आ रही है। मेकर्स ने एक सोशल मीडिया पर पोस्ट कर बताया कि महाकाव्य के सबसे पूजनीय पात्रों में से एक जटायु को दर्शकों के सामने पेश किया गया है। इस किरदार को अनुपम खेर ने अपनी आवाज दी है। फिल्म 'रामायण' के पोस्टर में जटायु का क्लोज-अप दिखाई देता है, जिसमें उनकी गहरी और प्रभावशाली नजर खास तौर पर ध्यान खींचती है।

## लाइफ Style

# हरलीन

## स्किन के साथ बचपन से किया बहुत स्ट्रगल

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

अभिनेत्री हरलीन सेठी ने ब्रोकन बट ब्यूटीफुल, कोहरा, शक: ट्रस्ट नो वन जैसे प्रोजेक्ट्स में अलग-अलग किरदार निभाए हैं। लेकिन, एक्टिंग का यह सफर उनके लिए सिर्फ किरदार निभाने तक सीमित नहीं रहा। इस दौरान उन्हें खुद को स्वीकार करना भी सीखना पड़ा।

एक्ट्रेस हरलीन सेठी ने बताया कि वह अपने गोरे-चिट्टे भाई से खुद की तुलना करती थीं। रंग को लेकर यह झिझक एक्टिंग में आने के बाद भी उनका पीछा करती रही। 'ब्रोकन बट ब्यूटीफुल' के दौरान वह दर्शकों के कमेंट्स में भी अपनी स्किन को लेकर प्रतिक्रिया ढूंढती थीं। फिर एक वक्त ऐसा आया, जब उन्हें एहसास हुआ कि लोग उन्हें उनके रंग के लिए नहीं, उनके काम के लिए पसंद कर रहे हैं। हरलीन के मुताबिक, रंग को लेकर उनकी झिझक किसी एक व्यक्ति की कही बात से नहीं आई। वह खुद की दूसरों से तुलना करती रहीं और धीरे-धीरे यह बात उनके मन में बैठ गई। हरलीन ने कहा, 'मुझे लगता है कि ये ज्यादा सेल्फ-इनफ्लिक्टेड ही था। जब आप एक तरीके के दिखते हो और आपकी मम्मी एक अलग तरीके की दिखती हैं, तो आपको लगता है कि यार, ये कैसे है? मेरा भाई मेरी मां पर गया था। मेरा भाई भी बहुत सुंदर है। वो एकदम गोरा-चिट्टा था और मैं डस्की। तो मुझे लगता है कि ये चीज खुद से ही आई। वह बताती हैं कि बचपन से ही भाई करण के लुक्स की खूब तारीफ होती थी। 'सब उसको कहते थे कि तुम कितना सुंदर हो। हम कहीं भी जाते थे तो लोग पूछते थे कि यार, तू कब हीरो बन रहा है, तू कब एक्टर है।



## हॉलीवुड मसाला



# फिल्मों के साथ टीवी में कमाया नाम

**लॉस एंजिल्स।** अमेरिकी अभिनेत्री सेल्मा ब्लेयर को रविवार को न्यूयॉर्क में गिरफ्तार किया गया है। इल्जाम है कि उन्होंने लॉस एंजिल्स से न्यूयॉर्क जा रही एक फ्लाइट में विमान परिचारिकाओं को जख्मी कर दिया। सेल्मा ब्लेयर एक अमेरिकी अभिनेत्री और लेखिका हैं। उन्होंने कई बड़ी फिल्मों में अहम किरदार निभाया है। 23 जून, 1972 को साउथफील्ड, मिशिगन में जन्मी अभिनेत्री ने क्रूएल इंटेंशन्स (1999), लीगली ब्लोन्ड (2001) और हेलबॉय (2004) में मुख्य भूमिका निभाई। यही नहीं, अभिनेत्री ने टीवी में भी बड़ा नाम कमाया है।



# ब्रेकिंग बैड को दुनियाभर में दिलाई थी पहचान...

**लॉस एंजिल्स।** शो 'ब्रेकिंग बैड' फेम अभिनेता आरजे मिट्टे का निधन हो गया है। वह 34 साल के थे। सेरेब्रल पाल्सी नाम की बीमारी से जूझ रहे थे। मिट्टे पहली बार 2008 में शो 'ब्रेकिंग बैड' में केमिस्ट्री टीचर से ड्रग किंगपिन बने वॉल्टर व्हाइट के बेटे के रोल में दिखे थे। इस रोल ने ब्रायन क्रैंस्टन को दुनिया भर में पहचान दिलाई थी। अभिनेता के प्रतिनिधि शॉन रेली रेली ने कहा, 'सेरेब्रल पाल्सी के साथ जीने के अपने अनुभव से मिट्टे ने इस रोल में असलियत लाई। दिव्यांगता के बारे में जागरूकता और उन्हें समाज में शामिल करने के लिए एक मंच तैयार किया।' 2008 से 2013 के बीच पांच सीजन तक चली 'ब्रेकिंग बैड' को अक्सर एक क्रांतिकारी टीवी शो माना जाता है। हाल ही में इसे 21वीं सदी का सबसे बेहतरीन टीवी शो बताया था।



# तमन्ना ने नवरात्रि में रखी माता की चौकी

**नई दिल्ली।** शारदीय नवरात्रि चल रहे हैं। अभिनेत्री तमन्ना भाटिया माता रानी की भक्ति में लीन हैं। उन्होंने अपने यहां माता की चौकी रखी, जहां मृणाल ठाकुर भी पहुंचीं। अभिनेत्री तमन्ना भाटिया नवरात्रि पर अपने यहां माता की चौकी रखती हैं। इस बार भी उन्होंने यह आयोजन किया। शारदीय नवरात्रि के पावन दिनों में तमन्ना के घर माता रानी का दरबार सजा। अभिनेत्री मां भगवती की भक्ति में लीन दिखीं और भजन पर झूमकर डांस किया। तमन्ना भाटिया के यहां माता की चौकी में चर्चित एक्ट्रेस मृणाल ठाकुर भी पहुंचीं। उन्होंने भी माता रानी के भजन गाए और तमन्ना भाटिया के साथ भक्ति गीतों पर डांस किया। तमन्ना भाटिया ने माता की चौकी की कुछ झलकियां अपने इंस्टाग्राम अकाउंट से साझा की हैं।



# कॉफी विद... के पहले एपिसोड में आएंगे

**मुंबई।** सेलिब्रिटी चैट शो 'कॉफी विद करण' का नया सीजन कल (बुधवार) से शुरू होगा। इस आखिरी सीजन के पहले एपिसोड में सलमान खान मेहमान बनकर आएंगे। एपिसोड का प्रोमो मेकर्स ने जारी किया है। इस प्रोमो वीडियो में सलमान, करण के ही मजे लेते नजर आ रहे हैं। इतना ही नहीं, उन्होंने करण को लेकर अपना शक भी जाहिर किया। जानिए इस प्रोमो में क्या है खास? प्रोमो के शुरुआत में करण कहते हैं कि एक बार एक समझदार आदमी ने कहा था- इट्स डन ब्रो.. तो मेरे शो के आखिरी सीजन की शुरूआत इससे बेहतर कौन ही कर सकता है? इसके बाद सलमान आए और उन्होंने करण को गेस्ट के सोफे पर बैठा दिया और खुद होस्ट के सोफे पर बैठे नजर आए। उन्होंने मजाकिया अंदाज में कहा कि कॉफी विद करण के बाद अब कॉफी विद सलमान होगा।

## टीवी मसाला



# जिस शो ने बनाया स्टार, 20 साल बाद उसी मंच पर लौटे अभिजीत

**नई दिल्ली।** भारतीय टेलीविजन के म्यूजिक रियलिटी शो 'इंडियन आइडल' के पहले सीजन के विजेता अभिजीत सावंत करीब दो दशक बाद एक बार फिर उसी मंच पर लौट रहे हैं, जहां से उन्होंने अपने कॅरियर की शुरुआत हुई थी। साल 2005 में 'इंडियन आइडल' का पहला सीजन जीतकर अभिजीत ने देशभर में पहचान बनाई थी। अब वह सोनी टीवी के नए शो 'इंडियन आइडल लीजेंड्स रिटर्न' में भी नजर आएंगे। अभिजीत सावंत की वापसी से शो के सेट पर पुरानी यादें ताजा हो गईं। उनके साथ पहले सीजन में फाइनल तक पहुंचे और रनर-अप रहे अमित सना ने भी उनकी तारीफ की। अमित ने कहा कि इंडियन आइडल की पहचान बनाने में अभिजीत का बड़ा योगदान रहा है।अमित के मुताबिक, अभिजीत के बिना इंडियन आइडल की कल्पना नहीं की जा सकती। उन्होंने अभिजीत के पहले एल्बम के मशहूर गाने 'मोहब्बतें लुटाऊंगा' को भी याद किया, जो आज भी लोगों के बीच काफी फेमस है। शो के जज हिमेश रेशमिया ने भी अभिजीत की वापसी का खास अंदाज में स्वागत किया। उन्होंने म्यूजिकल एंट्री के साथ कहा कि अभिजीत की वापसी से यह शो ब्लॉकबस्टर बनेगा। हिमेश ने आगे कहा कि अभिजीत ने इंडियन आइडल के प्रति अपना कर्ज चुका दिया है और उन्होंने म्यूजिक इंडस्ट्री में अपनी अलग पहचान बनाई है। शो में वापसी को लेकर अभिजीत ने कहा कि इस मंच पर दोबारा आना उनके लिए एक खास पल है। सिंगर ने याद किया कि 20 साल पहले जब वह पहली बार इस मंच पर आए थे, तब उनके मन में घबराहट और उम्मीद दोनों थीं।

## सोनाली ने सुनाया माइकल से जुड़ा किस्सा

**मुंबई।** 'कौन होनार करोड़पति' में शो की होस्ट माधुरी दीक्षित ने अभिनेत्री सोनाली बेंद्रे से दिवंगत दिग्गज स्टार माइकल जैक्सन के आगमन के दिन के बारे सवाल किया। इतना ही नहीं, उन्होंने सोनाली से उस दौरान नौवारी साड़ी पहनने के बारे में भी काफी कुछ पूछा। हाल ही में सोनी मराठी के शो 'कौन होनार करोड़पति' में अभिनेत्री सोनाली बेंद्रे शामिल हुईं। इस ग्रैंड प्रीमियर एपिसोड में भाग लेते हुए उन्होंने पॉप आइकन माइकल जैक्सन के भारत की पहली यात्रा को याद किया। सोनाली बेंद्रे ने मराठी क्विज शो 'कौन होनार करोड़पति' में दिवंगत पॉप सिंगर से जुड़ी याद शेयर की। उन्होंने बताया की उस समय माइकल से मिलने से ज्यादा उन्हें नौवारी साड़ी पहनने का उत्साह था। उन्होंने कहा, 'सच कहूं तो, मैं उनकी इतनी बड़ी प्रशंसक नहीं थी। उन्होंने मुझसे कहा कि वह इस के लिए मराठी लड़कियों को लेना चाहते हैं। और उस समय, मुझे अपने दोस्तों और परिवार के लिए मुफ्त टिकट मिले थे।'



# द लीजेंड ऑफ हनुमान 7 का ट्रेलर रिलीज

## रौद्र रूप में लौट रहे अंजनी पुत्र

*वह महान कथा फिर से लौट आई है और इस बार दांव पहले से कहीं ज्यादा बड़ा है। जियो हॉटस्टार ने 'द लीजेंड ऑफ हनुमान' सीजन 7 का ट्रेलर रिलीज कर दिया है, जो इसकी सबसे पसंदीदा फ्रैंचाइजी में से एक की वापसी का संकेत है और यह अब तक का सबसे बड़ा चैप्टर है।*



**नई दिल्ली।** 23 अक्टूबर से जियो हॉटस्टार पर 'द लीजेंड ऑफ हनुमान' सीजन 7 देख सकते हैं। इसमें हनुमान समय के पार एक सफर पर निकलते हैं ताकि वे अपनी दैवीय शक्ति की असली हद को जान सकें। नया सीजन लंका की लड़ाई को सबसे मुश्किल दौर में ले जाता है, जहां रावण अपने अब तक के सबसे भयानक रूप में सामने आता है। जब वानर सेना निराशा में घिर जाती है, तो हनुमान उस एक हथियार की तलाश में निकलते हैं जो रावण का हमेशा के लिए अंत कर सके। आखिरी हथियार की तलाश के तौर पर शुरू हुआ यह सफर जल्द ही हनुमान को युद्ध के मैदान से दूर और अलग-अलग युगों में ले जाता है - भगवान राम के भूले-बिसरे अतीत और मृत्यु के राज्य तक। इस सफर में, उन्हें एक ऐसा राज पता चलता है जो सब कुछ बदल देगा। शानदार एक्शन के साथ भावना, आस्था और दोस्ती का मेल, सीजन 7 हनुमान की यात्रा में एक दमदार नया अध्याय जोड़ता है, क्योंकि रावण के अंत की उल्टी गिनती शुरू हो चुकी है। 'द लीजेंड ऑफ हनुमान' सीजन 7 का प्रीमियर 23 अक्टूबर को जियो हॉटस्टार पर होगा। शरद केलकर रावण की आवाज के तौर पर लौट रहे हैं और एक बार फिर इस खतरनाक विलेन को अपनी खास आवाज दे रहे हैं। सीरीज में वापसी के बारे में बात करते हुए शरद केलकर ने कहा, 'मुझे 'द लीजेंड ऑफ हनुमान' का हिस्सा बनकर बहुत मजा आया है, यह शो हमारी पौराणिक कथाओं की कुछ सबसे सदाबहार कहानियों को जीवंत करता है। शरद देवराजन, जीवन जे. कांग और चारुवी अग्रवाल द्वारा बनाई गई 'द लीजेंड ऑफ हनुमान' सीजन 7, सीरीज की खास एनिमेशन स्टाइटल और विशाल

# 77 साल की उम्र में माता पार्वती बनकर हेमा ने जीता दिल

*हेमा मालिनी को बॉलीवुड की ड्रीम गर्ल कहा जाता है। उनकी सुंदरता का आज भी कोई सानी नहीं है। यही वजह है कि 77 साल की उम्र में हेमा मालिनी ने मां पार्वती बनकर सभी को सरप्राइज किया। हेमा मालिनी ने 11 अक्टूबर को हैदराबाद में नवरात्रि सेलिब्रेशन के तहत अपना मशहूर डांस प्रोग्राम 'दुर्गा' पेश किया। उन्होंने 'क्लासिक कन्वेंशन सेंटर' में अग्रवाल समाज, तेलंगाना के 'आगरा डांडिया नवरात्रि' उत्सव के दौरान यह परफॉर्मेंस दी, जिसमें महाराजा अग्रसेन जयंती भी मनाई गई।*

**नई दिल्ली।** हेमा ने इंस्टाग्राम पर परफॉर्मेंस की तस्वीरें और एक वीडियो शेयर किया, जिसमें इस भव्य प्रोडक्शन की झलक देखने को मिली। एक तस्वीर में, वह माता पार्वती के रूप में तैयार नजर आईं और उनके साथ भगवान का किरदार निभाने वाले एक एक्टर भी थे। इन तस्वीरों में उन पौराणिक किरदारों की झलक मिली जिन्हें उनके डांस परफॉर्मेंस के जरिए एक साथ लाया गया था। यह परफॉर्मेंस नवरात्रि के पहले दिन हुई थी। अपनी परफॉर्मेंस के बारे में बात करते हुए, हेमा मालिनी ने इस शुभ मौके पर अपनी वीडियो शेयर करते हुए खुशी जाहिर की। अपने इंस्टाग्राम पोस्ट में उन्होंने लिखा, 'कल शाम मैंने तेलंगाना के अग्रवाल समाज के 'आगरा डांडिया नवरात्रि सेलिब्रेशन' के लिए क्लासिक कन्वेंशन सेंटर में परफॉर्मेंस दी।' यह मौका 11.10.2026 को महाराजा अग्रसेन जयंती के साथ भी जुड़ा था। नवरात्रि के पहले दिन अपने सबसे मशहूर बैले 'दुर्गा' को पेश करना बहुत प्यारा और खास अनुभव था, और मैंने सच में खुद को बहुत सौभाग्यशाली महसूस किया।' अपने शानदार फिल्मी करियर के अलावा, हेमा मालिनी भरतनाट्यम से भी गहराई से जुड़ी रही हैं।



## तुलसीदास से लेकर खाटू श्याम तक, 10 बड़ी फिल्मों पर दांव

# हनुमान अंश के बाद सिनेमा में आएगा आस्था का सैलाब

*नई दिल्ली। हनुमान अंश की सफलता ने फिल्म इंडस्ट्री में डिवोशनल फिल्म को लेकर क्रेज बढ़ा दिया है। वहीं, दर्शक भी इस तरह की फिल्मों को काफी पसंद कर रहे हैं और इसीलिए 2026 और 2027 में 10 डिवोशनल फिल्मों पर मेकर्स दांव लगाने जा रहे हैं जिन्हें लेकर 'हनुमान अंश' जैसी सफलता की उम्मीद की जा रही है।*

### डिवोशनल फिल्मों पर दांव लगा रहे फिल्ममेकर्स

नीम करोली बाबा के जीवन पर फिल्म के बाद अब आने वाले कुछ महीनों में डिवोशनल व्यक्तित्वों पर फिल्में आ रही हैं जिनमें गोस्वामी तुलसीदास, सांई बाबा, खाटू श्याम शामिल हैं। अपकमिंग डिवोशनल फिल्मों का ये सिलसिला रामायण: पार्ट 1 से शुरू होगा और इसके बाद लगभग 10 फिल्में और रिलीज होंगी।

### 'हनुमान अंश से कृष्णावतरम' ने किया करोड़ों में कारोबार

पिछले कुछ सालों में कांतारा, महावतार नरसिम्हा, कृष्णावतारम-जैसी फिल्मों की सफलता ने साबित किया है कि दर्शकों को इस तरह का कंटेंट पसंद है। इन सभी फिल्मों ने बॉक्स ऑफिस पर अच्छा खासा प्रॉफिट कमाया और अब यही उम्मीद आने वाली डिवोशनल फिल्मों से की जा रही है।



### गानों ने भी मचाया धमाल

डिवोशनल फिल्मों के साथ-साथ लोगों को इनके गाने भी खासे पसंद आए हैं। हनुमान अंश का पार्वती गाना आते ही सोशल मीडिया पर छा गया था वहीं यूट्यूब पर अब तक इसके 120 मिलियन व्यूज हो गए हैं। इसके अलावा कृष्णावतारम के सभी गाने शानदार थे वहीं 'कांतारा' का कर्मा सॉन्ग अब भी सोशल मीडिया रील्स में ट्रेंडिंग है।

### क्यों सफल हुईं डिवोशनल फिल्में?

इस सवाल का सीधा जवाब है इस तरह के कंटेंट से दर्शकों का सीधा जुड़ाव। भारत का कल्चर ही इसकी पहचान है और एक बड़ी जनसंख्या भगवान में आस्था रखती है और इसीलिए डिवोशनल व्यक्तित्व से जुड़े इतिहास और कहानी में दर्शकों की खास रुचि है क्योंकि इसे वे अपने आप से जुड़ा हुआ पाते हैं।

### हनुमान अंश ने दुनियाभर में कमाए 400 करोड़

सिर्फ 2 करोड़ रुपए बजट में बनी 'हनुमान अंश' ने वर्ड ऑफ माउथ के दम पर तीसरे हफ्ते से कमाई की रफ्तार पकड़ी थी। फिल्म को थिएटर्स में चलते हुए 2 महीने से ज्यादा हो गए हैं और इसने नेट इंडिया कलेक्शन में 300 करोड़ रुपए और ग्लोबल बॉक्स ऑफिस पर 400 करोड़ रुपए का आंकड़ा पार कर लिया है।

### 2027 में रिलीज होंगी 10 डिवोशनल फिल्में

- **रामायण: पार्ट-** नवंबर 2026
- **वाल्मिकी रामायण-** 2026 (संभावित)
- **तेरा साईं-** फरवरी 2027
- **चिरंजीवी हनुमान: द इटरनल-** फरवरी 2027 (संभावित)
- **हारे का सहारा बाबा खाटू श्याम हमारा-** 2027
- **कृष्णावतारम पार्ट 2-** 2027 में संभावित
- **महावतार परशुराम-** दिसंबर 2027
- **राम बोला-** 2027 में फ्लोर पर आएगी
- **हनुमान अंश 2-** अनाउंस नहीं हुई है।

## खबर संक्षेप

### सुधा यादव को कर्नाटक का राज्यपाल बनाने पर जश्न

**नारनौल।** पूर्व सांसद डॉ. सुधा यादव को कर्नाटक का राज्यपाल नियुक्त किए जाने पर गांव नांगल काठा में खुशी का माहौल रहा। पूर्व सरपंच अत्तर सिंह दहिया के निवास पर समर्थकों ने लड्डू बांटकर खुशी मनाई और इस नियुक्ति को हरियाणा के लिए गौरव का विषय बताया। पूर्व सरपंच अत्तर सिंह दहिया ने कहा कि डॉ. सुधा यादव को राज्यपाल जैसी महत्वपूर्ण जिम्मेदारी मिलना प्रदेश के लिए सम्मान की बात है। उन्होंने अपने राजनीतिक जीवन में जनसेवा, संगठन के प्रति समर्पण और राष्ट्रहित को प्राथमिकता दी है। उन्हें विश्वास है कि डॉ. सुधा यादव अपने अनुभव और कार्यकुशलता से संवैधानिक दायित्वों का प्रभावी ढंग से निर्वहन करेंगी।

### युवाओं को आपदा प्रबंधन की दी जानकारी

**नारनौल।** अंतरराष्ट्रीय आपदा जोखिम न्यूनीकरण दिवस के अवसर पर मेरा युवा भारत युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार द्वारा रेडक्रॉस भवन में जागरूकता एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया। कार्यक्रम में आरटीए मनोज कुमार मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं को आपदा प्रबंधन, सड़क सुरक्षा, सीपीआर तथा प्राथमिक उपचार के प्रति जागरूक करना और आपातकालीन परिस्थितियों में लोगों की सहायता करने के लिए प्रेरित करना रहा। आरटीए मनोज कुमार ने युवाओं को सड़क सुरक्षा के महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

### युवा ग्राम पंचायत से छात्रों में बढ़ेगी लोकतांत्रिक चेतना

**नारनौल।** विद्यार्थियों में लोकतांत्रिक चेतना, नेतृत्व क्षमता, तार्किक चिंतन और सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना विकसित करने के उद्देश्य से जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान डाइट महेंद्रगढ़ के तत्वावधान में जिला स्तरीय युवा पंचायत प्रतियोगिता आयोजित की जा रही है। जिला शिक्षा अधिकारी डॉ. विश्वेश्वर कौशिक के मार्गदर्शन में मंगलवार को प्रतियोगिता के दूसरे दिन खंड नांगल चौधरी के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय छापड़ा में कार्यक्रम हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रवक्ता डॉ. राकेश यादव व प्राचार्या कमलेश कुमारी ने किया। प्रतियोगिता के माध्यम से विद्यार्थियों को पंचायत प्रणाली, लोकतांत्रिक व्यवस्था और जनहित से जुड़े मुद्दों को व्यावहारिक रूप से समझने का अवसर मिल रहा है।

### पांच एकड़ का निर्माण किया ध्वस्त

# दो अवैध कॉलोनियों पर चला डीटीपी का बुलडोजर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

जिला नगर योजनाकार विभाग ने अवैध कॉलोनियां विकसित करने वालों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए मंगलवार को जिले में दो कॉलोनियों में तोड़फोड़ की कार्रवाई की। विभाग की टीम ने करीब पांच एकड़ भूमि पर विकसित की जा रही अवैध कॉलोनियों में बनाई गई पक्की चारदीवारी और कच्चे रोड नेटवर्क को ध्वस्त कर दिया। कार्रवाई के दौरान भारी पुलिस बल तैनात रहा और जिला प्रशासन की ओर से नियुक्त ड्यूटी मजिस्ट्रेट की देखरेख में पूरी कार्रवाई को अंजाम दिया गया। यहां की गई तोड़फोड़ की कार्रवाई डीटीपी की टीम की ओर से राजस्व संपदा गुरदास माजरा में दो स्थानों पर करीब 2 एकड़ व 3 एकड़ भूमि पर बिना अनुमति विकसित की जा रही दो अवैध कॉलोनियों में 10 पक्की चारदीवारी और कच्चे रोड नेटवर्क को तोड़ा गया। विभाग की इस कार्रवाई से अवैध रूप से कॉलोनी काटने वालों में हड़कंप मच गया।



रेवाड़ी। अवैध कॉलोनी में निर्माण तोड़ते हुए जेसीबी।

#### प्लॉट खरीदने से पहले जांच लें कॉलोनी की वैधता

जिला नगर योजनाकार नरेन्द्र नैन ने आमजन से अपील करते हुए कहा कि नियंत्रित एवं शहरी क्षेत्र में कोई भी अवैध निर्माण न करें और प्लॉट खरीदने से पहले संबंधित कॉलोनी की वैधता की जानकारी जिला नगर योजनाकार कार्यालय से जरूर लें। उन्होंने कहा कि अवैध कॉलोनियों में प्लॉट खरीदने के बाद विभागीय कार्रवाई होने पर लोगों को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ सकता है। उन्होंने बताया कि कुछ प्रॉपर्टी डीलर कृषि भूमि पर कॉलोनी काटकर लोगों को प्लॉट बेच देते हैं और खरीदारों को जमीन की वैधता के संबंध में पूरी जानकारी नहीं होती। बाद में अवैध निर्माण शुरू होने पर विभाग की ओर से कार्रवाई की जाती है। ऐसे में लोगों को प्लॉट खरीदने से पहले कॉलोनी की वैधता की जानकारी जरूर लेनी चाहिए।

## एफओआरडीए के राष्ट्रीय अध्यक्ष बने डॉ. नीरज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

डा. नीरज आजाद यादव के फेडरेशन ऑफ रेजिडेंट डॉक्टर्स एसोसिएशन का राष्ट्रीय अध्यक्ष निर्वाचित होने पर विधायक लक्ष्मण यादव ने शुभकामनाएं दीं। विधायक ने कहा कि डा. नीरज आजाद यादव को महत्वपूर्ण जिम्मेदारी मिलना पूरे क्षेत्र के लिए गर्व की बात है। विधायक ने विश्वास व्यक्त किया कि वे अपनी नई जिम्मेदारी को कर्मठता, ईमानदारी और पूरी निष्ठा के साथ निभाएंगे। वे देशभर के रेजिडेंट डॉक्टरों की समस्याओं को मजबूती से उठाएंगे और उनके हितों के लिए प्रभावी ढंग से कार्य करेंगे। जिले के गांव नेहरूगढ़ निवासी डा. नीरज आजाद यादव वर्तमान में नई दिल्ली स्थित लोकनायक अस्पताल के मेडिसिन विभाग में सीनियर रेजिडेंट के रूप में कार्यरत हैं। वे मौलाना आजाद मेडिकल कॉलेज की रेजिडेंट डॉक्टर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष के रूप में भी अपनी सेवाएं दे चुके हैं। एफओआरडीए के राष्ट्रीय अध्यक्ष के रूप में उनकी जिम्मेदारी देशभर के रेजिडेंट डॉक्टरों के हितों का प्रतिनिधित्व करने, उनकी सुरक्षा, बेहतर कार्य परिस्थितियों और चिकित्सा संस्थानों से जुड़े महत्वपूर्ण मुद्दों को राष्ट्रीय स्तर पर उठाने की रहेगी। चिकित्सा सेवा के साथ-साथ डा. नीरज आजाद विवेकानंद हेल्थ मिशन ट्रस्ट के महासचिव के रूप में चिकित्सा शिविरों और स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रमों के माध्यम से जनसेवा में योगदान दे रहे हैं।



रेवाड़ी। विधायक से मिलते हुए डॉ. नीरज आजाद।

### राज्य स्तरीय नगाड़ा प्रतियोगिता 16 को

**रेवाड़ी।** कला एवं सांस्कृतिक कार्य विभाग हरियाणा की समृद्ध लोक संस्कृति, पारंपरिक संगीत एवं लोक वाद्य कला को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से 16 अक्टूबर को कुरुक्षेत्र में राज्य स्तरीय नगाड़ा प्रतियोगिता का आयोजन कर रहा है। मल्टी आर्ट सेंटर में आयोजित प्रतियोगिता के माध्यम से प्रदेश की पारंपरिक नगाड़ा वादन कला को संरक्षण प्रदान करने के साथ साथ लोक कलाकारों को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का मंच उपलब्ध कराया जाएगा। सरकारी प्रवक्ता ने बताया कि प्रतियोगिता में हरियाणा के मूल निवासी कलाकार ही भाग ले सकेंगे तथा प्रतिभागियों को अपने साथ आधार कार्ड साथ लाना अनिवार्य होगा।

## कंवाली स्कूल में दो दिवसीय जिला स्तरीय सांस्कृतिक उत्सव 15 से

**रेवाड़ी।** मंगलवार को राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कंवाली में जिला स्तरीय सांस्कृतिक उत्सव की तैयारियों को लेकर बैठक आयोजित की गई। बैठक खंड शिक्षा अधिकारी सत्यवीर नाहड़िया, डिस्ट्रिक्ट कोऑर्डिनेटर अशोक नामवाल तथा मेजबान स्कूल के प्राचार्य अनिल यादव मौजूद थे। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि 15 अक्टूबर 2026 को कक्षा 5वीं से 8वीं मिडल विंग और 16 अक्टूबर को कक्षा 9वीं से 12वीं सीनियर विंग की सांस्कृतिक प्रतियोगिताएं शहीद रामस्वरूप राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कंवाली में आयोजित होंगी। तैयारियों के तहत कार्यक्रम स्थल, मंच, प्रांगण, ग्रीन रूम, साउंड सिस्टम, बैठने की व्यवस्था, पेयजल, शौचालय और पार्किंग का निरीक्षण किया गया। प्राचार्य अनिल यादव ने सभी अधिकारियों एवं सांस्कृतिक प्रभारियों का आभार व्यक्त किया।



## बैंक अकाउंट केवाईसी लिंक फ्रॉड से रहें सावधान

- वर्तमान समय में साइबर अपराधी बैंक, डिजिटल भुगतान प्लेटफॉर्म और सरकारी संस्थानों के नाम पर फर्जी मैसेज, ई-मेल, व्हाट्सएप संदेश और लिंक भेजकर लोगों को ठगी का शिकार बना रहे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

पुलिस अधीक्षक हेमेंद्र कुमार मीणा ने बैंक अकाउंट केवाईसी अपडेट के नाम पर बढ़ते साइबर फ्रॉड मामलों को लेकर आम नागरिकों को सतर्क करते हुए एक महत्वपूर्ण साइबर सुरक्षा एडवाइजरी जारी की है। उन्होंने बताया कि वर्तमान समय में साइबर अपराधी बैंक, डिजिटल भुगतान प्लेटफॉर्म और सरकारी संस्थानों के नाम पर फर्जी मैसेज, ई-मेल, व्हाट्सएप संदेश और लिंक भेजकर लोगों को ठगी का शिकार बना रहे हैं। साइबर ठग खुद को बैंक कर्मचारी या अधिकृत प्रतिनिधि बताकर मैसेज या कॉल करते हैं।

मैसेज में यह दावा किया जाता है कि आपके बैंक खाते की केवाईसी अधूरी है या जल्द अपडेट न करने पर खाता बंद कर दिया जाएगा। इसके बाद पीड़ित को एक फर्जी लिंक भेजा जाता है, जिस पर क्लिक करने के लिए दबाव बनाया जाता है। लिंक पर क्लिक करते ही फर्जी वेबसाइट खुलती है, जहां बैंक खाता संख्या, एटीएम पिन, ओटीपी, सीवीवी या नेट बैंकिंग डिटेल भरने को कहा जाता है। जैसे ही व्यक्ति यह जानकारी दर्ज करता है, साइबर अपराधी उसके बैंक खाते से रकम निकाल लेते हैं या खाते का पूरा नियंत्रण हासिल कर लेते हैं।

#### लिंक नहीं, लॉजिक पर करें भरोसा



एसपी मीणा ने स्पष्ट किया कि कोई भी बैंक या वित्तीय संस्था कभी भी फोन कॉल, मैसेज या लिंक के माध्यम से डउ अपडेट कराने के लिए गोपनीय जानकारी नहीं मांगती। उन्होंने नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि किसी भी केवाईसी अपडेट लिंक पर क्लिक न करें। केवाईसी से संबंधित जानकारी केवल बैंक शाखा या आधिकारिक बैंक ऐप-वेबसाइट के माध्यम से ही अपडेट करें। डर या जल्दबाजी में कोई भी जानकारी साझा न करें। केवाईसी अपडेट से जुड़े अनजान मैसेज या कॉल को नजरअंदाज करें। ओटीपी, एटीएम पिन, पासवर्ड और सीवीवी किसी को न बताएं। व्हाट्सएप, एसएमएस या ई-मेल में आए संदिग्ध लिंक पर क्लिक न करें। ठगी की स्थिति में तुरंत 1930 साइबर हेल्पलाइन पर कॉल करें।

## आईजीयू में डॉ. बी आर आंबेडकर अध्ययन केंद्र का उद्घाटन कल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मीरपुर

इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय में आगामी 15 अक्टूबर को सुबह 11 बजे सरदार पटेल सेमिनार हॉल में आयोजित होने वाले डॉ. बी आर अम्बेडकर अध्ययन केंद्र के उद्घाटन समारोह के आयोजन के लिए मंगलवार को कुलसचिव कार्यालय में समीक्षा बैठक संपन्न हुई। कुलसचिव प्रो. दिलबाग सिंह ने गठित समिति के संयोजक एवं सदस्यों को उनकी जिम्मेदारियों व दायित्वों से अवगत कराया। उन्होंने निर्देश दिए कि कार्यक्रम में आने वाले सभी अतिथियों के गरिमामयी स्वागत, बैठने की व्यवस्था, मंच संचालन तथा सुरक्षा संबंधी सभी तैयारियां समय रहते दुरुस्त कर ली जाएं ताकि समारोह का आयोजन सुचारू एवं अनुशासित ढंग से हो सकें। कुलपति प्रो. असीम मिगलानी ने बताया कि इस केंद्र की स्थापना का मुख्य ध्येय कैंपस में सामाजिक समरसता और भाईचारे की भावना पैदा करना है, ताकि बाबा साहेब के जीवन दर्शन और विचारधारा को विद्यार्थियों एवं संपूर्ण समाज तक पहुंचाया जा सके। उन्होंने कहा कि केंद्र के माध्यम से बाबा साहेब के जीवन, लेखों और कार्यों पर उच्च स्तरीय शोध कार्य आयोजित होंगे तथा नियमित रूप से नेशनल व इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस, सेमीनार और वर्कशॉप का आयोजन किया जाएगा। इसके साथ ही अध्ययन केंद्र द्वारा जल्द ही पीजी डिप्लोमा इन बुद्धिस्ट स्टडीज तथा बेसिक ऑफ कंप्यूटर एंड टैली के रोजगारपरक कोर्स शुरू किए जाएंगे।



रेवाड़ी। बैठक में स्टाफ को जानकारी देते हुए कुलसचिव।

#### प्रो. वीरेंद्र पाल होंगे विशिष्ट अतिथि

समारोह की अध्यक्षता कुलपति प्रो. असीम मिगलानी करेंगे, जबकि मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. बी आर अम्बेडकर अध्ययन केंद्र कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के निदेशक डॉ. प्रीतम सिंह शिरकत करेंगे। वहीं कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलसचिव ले. प्रो. वीरेंद्र पाल विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। इसके अतिरिक्त कार्यक्रम में इन्दिरा गांधी विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रो. दिलबाग सिंह, डीन अकादमिक मामले प्रो. सुनील कुमार तथा संस्थापक निदेशक प्रो. गोपाल प्रसाद भी उपस्थित रहेंगे।

## आपदा प्रबंधन, प्राथमिक उपचार व सीपीआर का दिया प्रशिक्षण

- अंतरराष्ट्रीय आपदा जोखिम न्यूनीकरण दिवस पर रीजनल सेंटर में जागरूकता कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोसली

अंतरराष्ट्रीय आपदा जोखिम न्यूनीकरण दिवस के अवसर पर मेरा युवा भारत, युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार की ओर से भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय के कृष्ण नगर स्थित रीजनल सेंटर में जागरूकता एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं को आपदा प्रबंधन, आपदा से बचाव, पूर्व तैयारी तथा आपातकालीन परिस्थितियों में जीवन बचाने के उपायों के प्रति जागरूक करना था। कार्यक्रम के प्रथम सत्र में जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण की जिला परियोजना प्रबंधक मीनाक्षी राठौर ने प्रतिभागियों को विभिन्न प्रकार की आपदाओं, उनसे जुड़े जोखिमों तथा आपदा के समय आवश्यक तैयारियों के बारे में जानकारी दी। इसके बाद नमो सेवा अनकही कहानियां के जिला संयोजक सतीश मस्तान के प्रशिक्षण में तैयार नुक्कड़ नाटक टीम की सदस्य मनीषा, आरती, किस्मत, मोनिका और कुसुम ने आपदा प्रबंधन विषय पर नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया। कार्यक्रम के द्वितीय सत्र में मास्टर ट्रेनर एवं वरिष्ठ पैरामेडिक अधिकारी आशीष यादव ने प्रतिभागियों को प्राथमिक उपचार और सीपीआर का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया।



रेवाड़ी। कार्यक्रम में मौजूद अतिथि, शिक्षक व छात्राएं।

#### युवाओं से कार्यक्रमों में भाग लेने के लिए किया प्रोत्साहित

इस मौके पर संस्थान के निदेशक डा. यशपाल शर्मा ने कहा कि आपदा प्रबंधन केवल किसी विशेष परिस्थिति तक सीमित नहीं है, बल्कि जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में जागरूकता, सतर्कता और व्यावहारिक समझ आवश्यक है। मेरा युवा भारत से यतिन चरण ने युवाओं को मेरा युवा भारत पोर्टल की जानकारी दी और युवाओं को पोर्टल से जुड़कर विभिन्न कार्यक्रमों में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया। इस अवसर पर मेरा युवा भारत के जिला युवा अधिकारी सुमित यादव, प्रशासनिक सहायक विनय राव, आंचल, मास्टर ट्रेनर कुलदीप और गोविंद, रीजनल सेंटर से डा. अनिल कुमार, राष्ट्रीय सेवा योजना प्रभारी डा. अंजलि पंचाल सहित अन्य प्राध्यापक उपस्थित रहे।

### सहगल फाउंडेशन की ओर से कोथल खुर्द में लगाया स्वास्थ्य शिविर

**नारनौल।** सहगल फाउंडेशन एवं रेडक्रॉस सोसायटी के सहयोग से ग्राम कोथल खुर्द में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्देश्य ग्रामीणों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराना, विभिन्न बीमारियों के प्रति जागरूक करना तथा जरूरतमंद लोगों को आवश्यक चिकित्सकीय परामर्श एवं सहायता प्रदान करना था। शिविर के दौरान कुल 113 ग्रामीणों का निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। आवश्यकता के अनुसार लोगों को चिकित्सकीय परामर्श, उपचार एवं निःशुल्क दवाइयां उपलब्ध कराई गईं। शिविर में जयपुर हार्ट एवं जनरल अस्पताल से डॉ. अभिषेक शर्मा ने ग्रामीणों के स्वास्थ्य की जांच की।

## अटेली में बेसहारा युवक, आश्रय की दरकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मंडी अटेली

अटेली कस्बे में पिछले पांच रोज से एक मंदबुद्धि पागल अवस्था में युवक घूम रहा है। उस युवक न तो खाने का होस है तथा न ही कपड़े पहनने का सलीखा। उसके कपड़े फटे हुए है अगर कोई खाना दे देता है तो वह खा लेता है तथा रात्रि के समय रोड़ के किनारे की सो जाता है। उस युवक को बेसहारा आश्रम, बाल गृह, मनोचिकित्सालय आदि में भिजवाने की जहमत उठा रहे है। उसका न तो प्रशासन पर कोई ध्यान नहीं है तथा न ही सामाजिक संगठन का। सामाजिक संगठनों को जब ग्रांट लेनी होती है तो प्रशासन एवं जनप्रतिनिधियों के पास पहुंच जाते है। करीब 20 से 24 वर्षीय युवक अपने पीछे फटा हुआ एक पीठू बैग तथा मैले कपड़े पहने हुए है पैरो में टूटी हुई चप्पल है। वह बोलता भी नहीं है, कोई खाना देता है तो खा लेता है, सुबह शाम को पुराने बस स्टैंड के आस-पास विचरण कर रहा है। जब उससे उसका नाम या पता मालूम करता है तो थोड़ा मुस्कुरा देता है। युवक की खासियत है कि हाथ में छोटा का कागज का टुकड़ा रखता है उसको मोबाइल की तरह उंगलियों से टच करके एंड्रॉयड मोबाइल की फिलिंग लेता है। कस्बे के जागरूक लोगों ने युवक को आश्रय स्थल में भिजवान की मांग की है। लोगों का अटेली के गैर सरकारी संगठनों के प्रति रोष भी देखा जा रहा है। लोगों का कहना है कि वैसे अपने आप को सामाजिक संगठन व मानव सेवा करने का दावा करते है लेकिन इस ओर कोई ध्यान नहीं है।



मंडी अटेली। मंदबुद्धि अवस्था में युवक। फोटो: हरिभूमि

## राशन डिपो के लिए 10 नवंबर तक आवेदन महिलाओं को मिलेगा 33 प्रतिशत आरक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

हरियाणा सरकार की ओर से राज्य में सार्वजनिक वितरण प्रणाली को और अधिक सुदृढ़ बनाने तथा गरीब एवं पात्र परिवारों को सुगम तरीके से राशन उपलब्ध कराने के लिए ऐतिहासिक कदम उठाए जा रहे हैं। प्रदेशभर में रिक्त राशन डिपो के लाइसेंस जारी करने के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। इन दुकानों के आवंटन में महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत आरक्षण का विशेष प्रावधान किया गया है। डीसी अभिषेक मीणा ने बताया कि इच्छुक एवं पात्र आवेदक हरियाणा अंत्योदय सरल पोर्टल सरलहरियाणा.जीओवी.इन के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। आवेदन करने की अंतिम तिथि 10 नवंबर तक है। डीसी ने बताया कि इसका मुख्य उद्देश्य सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अंतर्गत पात्र लाभार्थियों को आवश्यक खाद्यान्न की सुलभ उपलब्धता सुनिश्चित करना, युवाओं के लिए स्वरोजगार के नए अवसर सृजित करना तथा महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाना है। इसके साथ ही, ग्रामीण एवं दूरदराज के क्षेत्रों में रहने वाले परिवारों को राशन प्राप्त करने में आने वाली कठिनाइयों को दूर करना भी इस योजना का प्रमुख उद्देश्य है।



### परानी जलाने से होने वाले प्रदूषण को रोकने व फसल अवशेष प्रबंधन के लिए कृषि विभाग अलर्ट

# पराली जलाने पर 30 हजार जुर्माना व होगी एफआईआर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

उप कृषि निदेशक डा. राकेश कुमार की अध्यक्षता में मंगलवार को जिले में तैनात किए गए नोडल अधिकारियों के साथ बैठक आयोजित की गई। इस मौके पर उप कृषि निदेशक ने सभी नोडल अधिकारियों को खेतों में आगजनी की घटनाओं की निगरानी व रोकथाम के लिए लगातार गांवों में गश्त करने के निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि पराली को जलाने से वायु प्रदूषण बढ़ता है, मिट्टी की जैविक गुणवत्ता प्रभावित होती है। पराली का प्रबंधन करने के लिए आज किसानों के पास विकल्प मौजूद है। किसान सुपर सीडर, रिर्वसीबल एम बी प्लॉव, जीरो टिल सीड ड्रील, रोटावेटर व हैरो की सहायता से धान की फसल अवशेषों को मिट्टी में मिलाएं। हरियाणा सरकार ने फसल अवशेष प्रबन्धन करने के लिए सीआरएम स्कीम लागू की हुई है।

उन्होंने कहा कि यदि कोई किसान पराली जलाता हुआ पाया जाता है तो 5 हजार से 30 हजार रुपए तक जुर्माना लगाया जाएगा व किसान पर कानूनी कार्यवाही करते हुए एफआईआर भी दर्ज की जाएगी।



रेवाड़ी। मीटिंग में मौजूद कृषि अधिकारी व नोडल अधिकारी। फोटो: हरिभूमि

#### प्रबंधन करने पर मिलेंगे 1200 रुपये प्रति एकड़

इंजी. दिनेश शर्मा सहायक कृषि अभियंता ने बताया कि जिले में धान की कटाई शुरू हो चुकी है। पराली नहीं जलाने व इसका प्रबंधन करने वाले किसानों को 1200 रुपए प्रति एकड़ प्रोत्साहन राशी दी जाती है। कृषि विभाग की ओर से किसानों को फसल अवशेष न जलाने के लिए जागरूक करने व प्रोत्साहन राशी की प्रक्रिया के लिए 132 गांवों में नोडल अधिकारी नियुक्त किए गए है। जिले में इस बार मेरी फसल मेरा ब्यौरा पोर्टल पर 4780 एकड़ का पंजीकरण हुआ है। फसल अवशेष प्रबंधन कार्य के लिए सभी टीमें लगातार कार्य कर रही है। इस योजना का मुख्य उद्देश्य किसानों को पराली जलाने से रोकना है तथा फसल अवशेषों के बेहतर उपयोग को बढ़ावा देना है। मीटिंग में मनोज कुमार, तकनीकी सहायक, डॉ. मनोज, डॉ. अजीत, डॉ. नवीन खंड कृषि अधिकारी, इंजी. सुनिल कुमार, कृषि विकास अधिकारी कृषि यन्त्र व सभी नोडल अधिकारी मौजूद रहे।

मेरी फसल मेरा ब्यौरा पोर्टल पर भूमि रिकॉर्ड में रेड एंट्री दर्ज की जाएगी। इसके साथ-साथ संबंधित

### छात्राओं को किया स्वास्थ्य के प्रति जागरूक

**नारनौल।** राजकीय महिला महाविद्यालय के मनोविज्ञान विभाग की ओर से राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के सहयोग से मानसिक स्वास्थ्य सप्ताह का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर सेमिनार हॉल में छात्राओं के लिए विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।

**सूचना**

मैं, राजबीर पुत्र श्री रामजीवन निवासी गांव कारोली तहसील कोसली जिला रेवाड़ी हरियाणा ब्यान करता हूं कि मेरा सगा लड़का चरण सिंह मेरे कहने सुनने से बाहर है तथा अपनी मनमानी करता है। मैं उसे अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूं। आज के बाद कोई व्यक्ति मेरे लड़के चरण सिंह से किसी प्रकार का लेन-देन करता है तो वह स्वयं जिम्मेदार होगा।

### 40 किलोमीटर लंबी पाइपलाइन से शोधित पानी पहुंचेगा ड्रेन नंबर-8 तक

# मसानी बैराज के दूषित पानी की समस्या का समाधान शुरू, 125 करोड़ होंगे खर्च

**परियोजना में 217 करोड़ की आएगी लागत, 15 से अधिक गांवों को जगी राहत की उम्मीद**

हरिभूमि न्यूज ⏭ रेवाड़ी



रेवाड़ी। मसानी बैराज में जमा दूषित पानी, दूषित पानी की समस्या के लिए शुरू हुआ पाइपलाइन डालने का कार्य व परियोजना में पाइपलाइन डालते हुए कर्मचारी। फोटो : हरिभूमि

मसानी बैराज में लंबे समय से जमा दूषित पानी की समस्या से निजात दिलाने के लिए परियोजना पर काम शुरू हो गया है। कार्य के पूरा होने पर आसपास के गांव खलियावास, तितरपुर, मसानी, डूंगरवास, निखरी, भटसाना, निगानियावास, रसगण व जड़थल सहित 15 गांवों को दूषित पानी की समस्या से राहत मिलने की उम्मीद जगी है। बैराज के दूषित पानी की निकासी, उसके शोधन और दोबारा उपयोग लायक बनाने के लिए करीब 217 करोड़ रुपये की परियोजना पर काम शुरू हो गया है। परियोजना के तहत लगभग 40 किलोमीटर लंबी पाइपलाइन बिछाई जाएगी। इसके माध्यम से बैराज के पानी को शोधित कर झज्जर लिंक ड्रेन नंबर-8 तक पहुंचाया जाएगा। परियोजना के पहले चरण के लिए 125 करोड़ रुपये जारी होने के बाद पाइपलाइन बिछाने का काम शुरू हो गया है।

मसानी बैराज में लंबे समय से जमा दूषित पानी के कारण आसपास के गांवों में जलभराव, दुर्गंध और भूजल की गुणवत्ता प्रभावित होने की आशंका बनी हुई है। दूषित पानी की समस्या को लेकर आसपास के गांवों के ग्रामीण लंबे समय से प्रदर्शन करके अपनी अवाज उठाते आ रहे है। ग्रामीणों को चिंता है कि बैराज में पानी का स्तर बढ़ने से दूषित पानी आसपास के क्षेत्रों में फैल सकता है।

## चरणबद्ध तरीके से पूरी होगी परियोजना

परियोजना के तहत बैराज में पहले से जमा पानी की निकासी के साथ उसके शोधन की व्यवस्था की जाएगी। इसके अलावा भविष्य में बैराज में पहुंचने वाले पानी को भी शोधित करने की योजना शामिल है, ताकि दोबारा दूषित पानी जमा होने की स्थिति पैदा न हो। परियोजना के अंतर्गत तीन वाटर बॉडी भी बनाई जाएंगी। करीब 40 किलोमीटर लंबी पाइपलाइन के माध्यम से शोधित पानी को झज्जर लिंक ड्रेन नंबर-8 तक पहुंचाने की व्यवस्था की जाएगी। योजना का उद्देश्य दूषित पानी की समस्या को नियंत्रित करने के साथ पानी की दुर्गंध कम करना और उसे दोबारा उपयोग के योग्य बनाना है। शोधन के बाद पानी का इस्तेमाल सिंचाई सहित अन्य उपयोगी कार्यों में किए जाने की संभावना है।

## एसटीपी की क्षमता बढ़ाने पर भी जोर

शहर के नासियाजी और कालूवास स्थित सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट की क्षमता बढ़ाने और पानी को बेहतर तरीके से शोधित करने के लिए भी काम किया जाएगा। इसका उद्देश्य सीवरेज के पानी का उचित उपचार करना और जल प्रदूषण को कम करना है।

## विधायक ने विधानसभा में उठाया था मुद्दा

मसानी बैराज में दूषित पानी की समस्या को विधायक लक्ष्मण सिंह यादव ने विधानसभा में दो बार मुद्दा उठाया था। विधानसभा की पर्यावरण प्रदूषण नियंत्रण कमेटी के अध्यक्ष रहते हुए उन्होंने टीम के साथ बैराज का निरीक्षण भी किया था। विधायक ने बताया कि सरकार ने समस्या के स्थायी समाधान के लिए करीब 217 करोड़ रुपये की परियोजना को मंजूरी दी है। परियोजना को एक साथ पूरा करने के बजाय अलग-अलग चरणों में आगे बढ़ाया जा रहा है। पहले चरण के लिए 125 करोड़ रुपये जारी होने के बाद पाइपलाइन बिछाने का काम शुरू कर दिया गया है।

## बारिश के पानी की निकासी होगी अलग

शहरों और गांवों में कई जगह सीवरेज तथा बारिश का पानी एक ही निकासी व्यवस्था में पहुंच जाता है। इससे सीवरेज के पानी का शोधन करने और बारिश के पानी का अलग उपयोग करने में परेशानी होती है। इस समस्या के समाधान के लिए बारिश के पानी की निकासी के लिए अलग पाइपलाइन बिछाने की योजना पर भी काम किया जा रहा है। शहर में इस कार्य के लिए करीब ढाई करोड़ रुपये की राशि मंजूर की गई है।

# सेवा सेतु कैंप में ग्रामीणों को दी योजनाओं की जानकारी




रेवाड़ी। कैंप में योजनाओं की जानकारी लेते लोग। फोटो : हरिभूमि

- शिविरों का उद्देश्य पात्र परिवारों को केंद्र व प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं से जोड़ना

हरिभूमि न्यूज ⏭ रेवाड़ी

सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत मंगलवार को गांव बेरली कलां में सेवा सेतु कैंप का आयोजन किया गया। शिविर में विभिन्न विभागों की ओर से स्टॉल लगाकर ग्रामीणों को विभागीय सेवाओं, जनकल्याणकारी योजनाओं और पात्रता संबंधी जानकारी दी गई। साथ ही, पात्र लाभार्थियों को योजनाओं के लिए आवेदन करने की प्रक्रिया के बारे में भी अवगत कराया गया, ताकि वे सरकारी योजनाओं का लाभ आसानी से प्राप्त कर सकें। बुधवार को गांव पुंसिका में सेवा सेतु शिविर का आयोजन किया जाएगा।

सेवा संकल्प अभियान के नोडल अधिकारी एवं एडीसी राहुल मोदी ने बताया कि हरियाणा सरकार द्वारा चलाए जा रहे सेवा संकल्प अभियान के तहत डीसी अभिषेक मीणा के मार्गदर्शन में जिला में सेवा सेतु कैंप आयोजित किए जा रहे हैं। इन शिविरों का उद्देश्य पात्र परिवारों को केंद्र व प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं से जोड़ना और उन्हें सरकारी सेवाओं का लाभ लेने के लिए जागरूक करना है। एडीसी ने बताया कि इन शिविरों में दीन दयाल लाडो लक्ष्मी योजना, मुख्यमंत्री अंत्योदय परिवार उत्थान योजना, स्वरोजगार, कौशल विकास, ऋण सुविधा सहित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी जा रही है। एडीसी ने बताया कि बुधवार को गांव पुंसिका में सेवा सेतु कैंप का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने पात्र नागरिकों से कैंप में पहुंचकर योजनाओं की जानकारी लेने और उपलब्ध सेवाओं का लाभ उठाने की अपील की।

# पुष्प वाटिका में सीता को हुए प्रभु राम के दर्शन

- शिव धनुष टूटने पर क्रोधित हुए परशुराम

हरिभूमि न्यूज ⏭ रेवाड़ी



रेवाड़ी। पुष्प वाटिका में श्रीराम के दर्शन करती सीता। फोटो : हरिभूमि

रेलवे कॉलोनी में श्री राम मंदिर रेलवे ड्रामेटिक क्लब की ओर से के के सक्सेना के निर्देशन में चल रहे रामलीला उत्सव का तीसरे दिन शुभारंभ नगर पार्षद भगवान यादव ने किया। मंचन के दौरान गुरू विश्वामित्र राम व लक्ष्मण को पूजा के लिए पुष्प वाटिका से पुष्प लेने भेजते है, जहां माता सीता भी अपनी साखियों के साथ मां पार्वती के पूजन के लिए पहुंचती है। तभी प्रभु राम के दर्शन पाकर उनको नारद मुनि का वचन याद आता है कि प्रथम बार तुमको अपने पति के दर्शन पुष्प वाटिका में होंगे। राजा जनक की आज्ञा से भाट सीता स्वयंवर में घोषण करता है कि जो भी शिव धनुष का भंजन करेगा उसी के साथ सीता का विवाह होगा। स्वयंवर में राजा जनक काफी दुखी होते है, क्योकि कोई भी राजा धनुष को हिला भी नहीं पाता है। तभी गुरू विश्वामित्र प्रभु श्री राम को आज्ञा देते है कि तुम अपना पराक्रम दिखाओ। आज्ञा पाकर प्रभु राम धनुष को उठाकर उस पर चिल्ला चढ़ाते है, लेकिन धनुष टूट जाता है। धनुष के टूटने पर परशुराम क्रोधित हो जाते है, जिस कारण उनके लक्ष्मण के साथ गंभीर संवाद हो जाते है। प्रभु राम विनती के साथ शांत करते है, जिस पर परशुराम को ज्ञात हो जाता है कि राम अवतार हो गया है। रामलीला में राम का अभियन दिवेश शर्मा, लक्ष्मण-मोहित यादव, गुरू विश्वामित्र-राजेश शर्मा, सीता-सागर, राजा जनक-ब्रिजेश शर्मा, परशुराम-महेश कौशिक, रावण-मुकेश भारद्वाज, वाणासुर-नीटू गुप्ता, भाट-सतीश, मंथरा-जितेश, कैकई-पायल शर्मा, सखियों का रोल मुकुल व खुशबु तथा राजा की भूमिका में जितेश, रोहित, भगत, जगदीश शर्मा, प्रिंस, नवीन व प्रियांशु सोनी शामिल थे।

## मिथिलापुरी में श्रीराम ने सीता से रचाया विवाह

रेवाड़ी। शहर के मोती चौक स्थित श्री घंटेश्वर महादेव मंदिर के प्रांगण में चल रही आदर्श रामलीला के मंच पर सोमवार रात्रि अयोध्या से श्री राम व लक्ष्मण को गुरु विश्वामित्र की ओर से शिक्षा के लिए वन में ले जाने व ताड़क वन में राक्षसी ताड़का व उसके अन्य असुर साथियों के वध का मंचन किया गया। इसके बाद मिथिला के राजा जनक की ओर से भेजे गए सीता स्वयंवर के निमंत्रण पर श्री राम व लक्ष्मण को लेकर ऋषि विश्वामित्र मिथिलापुरी जाते हैं। स्वयंवर में अनेक राज्यों के राजाओं और राजकुमारों की ओर से शिव धनुष तोड़ने में असमर्थ रहने पर, ऋषि विश्वामित्र की आज्ञा पाकर श्री राम शिव धनुष को तोड़ देते हैं और सीता से विवाह रचा लेते हैं। शिव धनुष टूटने पर लक्ष्मण-परशुराम के बीच काफी देर तक संवाद होता है।

# रामलीला मंचन में ताड़का के अभिनय ने दर्शकों को किया रोमांचित

- दूसरे दिन की लीला का शुभारंभ समाजसेवी व उद्योगपति अशोक सोमाणी ने रिबन काटकर किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ रेवाड़ी



रेवाड़ी। रामलीला में रावण दरबार का दृश्य। फोटो : हरिभूमि

नई अनाजमंडी में श्री शिव रामलीला समिति की रामलीला में दूसरे दिन रावण की ओर से साधुओं पर अत्याचार, सीता जन्म, राम-लक्ष्मण जन्म व ताड़का वध के दृश्य दिखाए गए। रामलीला में ताड़का का अभिनय देखकर दर्शक रोमांचित हो उठे। दूसरे दिन की लीला का शुभारंभ समाजसेवी व उद्योगपति अशोक सोमाणी ने रिबन काटकर किया। शिव रामलीला समिति के महासचिव दीपक मंगला ने अतिथियों का स्वागत किया। रामलीला में रावण की भूमिका संजीव वशिष्ठ, विभिषण बीडी अग्रवाल, मंत्री नरेन्द्र रामपुरा, विनोद रामपुरा, अनिल रामपुरा, राजेश भईया, मुकेश भार्गव, सुरेन्द्र, साधु मुकेश चावरिया, राजेश वर्मा, नवीन लखेरा, द्वारपाल उज्जवल व रोहित, मेघनाथ एकांश गोयल, जनक करूणेश शर्मा, किसान डा. श्याम बिहारी, मंत्री जेपी पंडित, रानी हर्ष गुप्ता, गुरू राजेश वर्मा, दशरथ कपिलचन्द शर्मा, गुरू वशिष्ठ प्रकाश सैनी, छोटे राम-लक्ष्मण विवान व आरव, ताड़का पवन डाबला, मारीच व सुबाहू अनिल व राजे रामपुरा ने निभाई।

# आरएनएस स्कूल दड़ौली के छात्रों का खेल महाकुंभ में चयन

रेवाड़ी। जिले की खेल महाकुंभ एथलेटिक्स ट्रायल प्रतियोगिता राजीव गांधी खेल परिसर मनेठी में आयोजित हुई, जिसमें राव निहाल सिंह पब्लिक स्कूल दड़ौली के खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर राज्य स्तरीय खेल महाकुंभ प्रतियोगिता के लिए अपना चयन कराया। स्कूल की छात्रा मधु गांव बिहारीपुर ने हाई जंप में प्रथम, इशिका गांव फतेहपुरी ने 100 मीटर दौड़ में प्रथम और लंबी कूद में द्वितीय स्थान प्राप्त किया, जबकि नैंसी गांव नांगल पठानी ने 400 मीटर दौड़ में दूसरा, अध्ययन भारती गांव कवाली ने 10 हजार मीटर दौड़ में द्वितीय, ध्रुव गांव बालधन कलां ने ऊंची कूद में प्रथम और कार्तिक गांव नठेड़ा ने डिस्कस-थ्रो में प्रथम स्थान हासिल किया। विद्यालय के चेयरमैन राय सिंह यादव ने सभी चयनित खिलाड़ियों को सम्मानित किया।



रेवाड़ी। खेल महाकुंभ में चयनित खिलाड़ी चेयरमैन के साथ। फोटो : हरिभूमि

# मेघवाल उत्थान समिति प्रतिनिधिमंडल ने सीएम से की मुलाकात, मांगों पर की चर्चा

- सरकार उनकी मांगों पर गंभीरता से विचार कर रही

हरिभूमि न्यूज ⏭ रेवाड़ी



रेवाड़ी। मुख्यमंत्री के समक्ष अपनी मांगें रखते हुए समिति के सदस्य।

मेघवाल उत्थान समिति के प्रतिनिधिमंडल ने मंगलवार को चंडीगढ़ स्थित आवास पर प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सिंह से मुलाकात की। उन्होंने 23 अगस्त को आयोजित हुए मेघवाल प्रतिभा सम्मान समारोह एवं अनुसूचित जाति समरसता सम्मेलन में बतौर मुख्य अतिथि शिरकत करने के लिए मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर संरक्षक वेद प्रकाश मेघवाल ने सम्मेलन के दौरान समिति की ओर से रखी गई सभी प्रमुख मांगों को लेकर मुख्यमंत्री से चर्चा की। सीएम ने समिति सदस्यों को सकारात्मक रूप से आश्वस्त किया कि सरकार उनकी मांगों पर गंभीरता से विचार कर रही है और जल्द ही पूरा किया जाएगा। इस मौके पर समिति के प्रधान सूरजभान मेघवाल, सह सचिव अशोक , सलाहकार एवं पूर्व सरपंच सांवत सिंह, धारूहेड़ा ब्लॉक प्रधान सूबेदार मेजर बलबीर सिंह व एक्जीक्यूटिव मेंबर विक्रम बेरवाल मौजूद थे।

# दिल्ली प्रदर्शन में शामिल हुए कांग्रेस एससी डिपार्टमेंट के जिलाध्यक्ष व कार्यकर्ता

रेवाड़ी। मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार और कथित वोट चोरी के मुद्दे को लेकर कांग्रेस की ओर से दिल्ली में आयोजित विरोध प्रदर्शन में कांग्रेस एससी डिपार्टमेंट रेवाड़ी के जिला अध्यक्ष रमेश ठेकेदार ने अपने साथियों के साथ प्रदर्शन में शामिल होकर आवाज बुलंद की। जिला अध्यक्ष रमेश ठेकेदार ने कहा कि पुलिस की ओर से हाउस अरेस्ट करने के बावजूद भी हिम्मत नहीं हारी और दिल्ली प्रदर्शन में शामिल होने के लिए कूच किया। उन्होंने बताया कि विरोध प्रदर्शन में कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी संजय दत्त, प्रदेश अध्यक्ष राव नरेंद्र सिंह और एससी डिपार्टमेंट के प्रदेश अध्यक्ष मनोज बागड़ी सहित अनेक वरिष्ठ नेता शामिल हुए। कांग्रेसी नेताओं और कार्यकर्ताओं ने चुनाव प्रक्रिया में पारदर्शिता सुनिश्चित करने, मतदाताओं के अधिकारों की रक्षा करने और लोकतांत्रिक व्यवस्था को मजबूत बनाए रखने की मांग उठाई गई। इस दौरान मीरसिंह चावरिया, मदनलाल महरौलिया मामराज, धर्मबीर, सत्यनारायण, जैनेश, आरपी मेहरा, नरेश पूनिया, बलवान सिंह व नवनीत सहित अनेक लोग मौजूद रहे।



रेवाड़ी। दिल्ली में रमेश ठेकेदार व कार्यकर्ता। फोटो : हरिभूमि

## अग्रवाल सभा का कवि सम्मेलन व सांस्कृतिक कार्यक्रम 16 को, मेधावी छात्र होंगे सम्मानित

कोसली। अग्रवाल सभा कोसली की ओर से महाराजा अग्रसेन जयंती के उपलक्ष्य में 16 अक्टूबर को जेडी गार्डन समारोह स्थल में कवि सम्मेलन व सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर बैठक आयोजित की गई। सभा के मीडिया प्रभारी राजेश गुप्ता ने बताया कि कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एडीसी राहुल मोदी, एडिशनल एसपी दीपिका अग्रवाल तथा विशिष्ट अतिथि अखिल जैन कमांडेंट आइटीबीपी जाटूसाना व अनूप गुप्ता डिप्टी कमांडेंट आइटीबीपी जाटूसाना होंगे। कवि सम्मेलन में हास्य कवि मास्टर महेंद्र सिंह, कवि संजय पाठक तथा जितेंद्र भारद्वाज अपनी काव्य रचनाओं से श्रोताओं का मनोरंजन करेंगे। बैठक में सभा के संरक्षक सुभाष गर्ग, प्रधान तेजपाल गर्ग, उप प्रधान सुनील बंसल, सचिव विजय गर्ग, बृजमोहन बंसल, जगदीश प्रसाद, मुकेश मंगला, मनोज गुप्ता, मुकेश गोयल, पवन बंसल, सतीश गर्ग तथा ऋषि कुमार सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
रेवाड़ी कार्यालय : दुकान नंबर 67, दुर्गा मार्केट, सेक्टर-1 वाला कच्चा रास्ता, नजदीक महाराणा प्रताप चौक, बावल रोड, रेवाड़ी सम्पर्क करें: 8053076211, 8295738500, 9253681005

## वाहन मालिकों को खुद स्क्रैप यार्ड में वाहन लाने की सलाह

# 'परिवर्तन' के लिए जमकर पढ़ा चुके पाठ, पुराने वाहनों को जब्त करने का एक्शन जल्द

*इंपाउंड करने के बाद नहीं मिलेगा सरकारी योजना का कोई लाभ*

हरिभूमि न्यूज ⏭ रेवाड़ी



रेवाड़ी। पुरानी बाइक का तिपहिया रिक्शा सड़क पर दौड़ते हुए।

एनसीआर में प्रदूषण की समस्या को लेकर 10 साल पुराने डीजल और 15 साल पुराने पेट्रोल से चलने वाले वाहनों को स्क्रैप यार्ड ले जाकर स्क्रैप कराने की स्थिति में प्रदेश सरकार की ओर से 'परिवर्तन' योजना के जरिए कई तरह के लाभ दिए जा रहे हैं। इसे लेकर वाहन मालिकों को नोटिस देकर वाहन स्क्रैप कराने को कहा गया है। अगर वाहन मालिक इसके बाद भी वाहन स्क्रैप नहीं कराते हैं, तो यातायात विभाग और ट्रैफिक पुलिस की ओर से ऐसे वाहनों को जब्त करने की कार्रवाई जल्द अमल में लाई जाएगी। इसके बाद सरकार की ओर से नए वाहन की खरीद पर दिए जाने वाले लाभ का फायदा भी उन्हें नहीं मिल सकेगा।

सरकार की ओर से परिवर्तन योजना के तहत निर्धारित अवधि पूरी कर चुके वाहनों को स्क्रैप कराने की सूरत में नए वाहन की खरीद पर छूट के साथ-साथ टैक्स में भी छूट का प्रावधान किया गया है। इससे पुराने वाहन स्क्रैप कराकर नया वाहन खरीदने वाले लोगों को अच्छा फायदा मिल सकता है। परिवर्तन योजना शुरू किए जाने के बाद से कमर्शियल वाहनों की सूची तैयार की गई थी। इसके बाद वाहन मालिकों को अवधि पूरी कर चुके वाहनों को स्क्रैप कराने के लिए नोटिस जारी किए थे।

## जुगाड़ बना चला रहे वाहन होंगे जब्त

ट्रैफिक पुलिस इंचार्ज ने बताया कि बड़ी संख्या में 15 साल पुरानी बाइकों को तिपहिया रिक्शा बनाकर चला रहे वाहन चालकों के खिलाफ भी जल्द एक्शन शुरू किया जाएगा। ऐसे वाहनों के पंजीकरण नंबर से लेकर इंजन और चेचिस नंबर तक नहीं होते। अब ऐसे वाहन सड़क पर पाए जाने पर उन्हें जब्त करने के बाद कबाड़ में डाल दिया जाएगा। उन्होंने ऐसे वाहन मालिकों से भी अपने वाहन स्क्रैप कराने की सलाह दी है।

## 834 डीजल वाहन मालिकों को नोटिस



आरटीए सचिव विकास कौशिक ने बताया कि जिले में पंजीकृत डीजल चलित वाहनों की संख्या 834 है। इनके अलावा बड़ी संख्या में पेट्रोल से चलने वाले वाहन भी हैं, जो 15 साल की मियाद पूरी कर चुके हैं। इन वाहन मालिकों को आरटीए कार्यालय की ओर से नोटिस जारी किए जा चुके हैं। अगर इसके बाद भी इन वाहनों को स्क्रैप नहीं कराया गया, तो उन्हें जब्त करने की प्रक्रिया जल्द शुरू की जाएगी। खुद जब्त करने की सूरत में वाहन को किसी भी हालत में रिलीज नहीं किया जाएगा।

## गैर वाणिज्यिक वाहनों पर भी एक्शन



ट्रैफिक पुलिस प्रभारी ताराचंद ने बताया कि रेवाड़ी, बावल और कोसली तीनों एसडीएम से नॉन कमर्शियल व्हीकल्स का डाटा मांगा गया है। इनमें बड़ी संख्या में दुपहिया वाहन भी शामिल हैं। जो वाहन मालिक जल्द अपने वाहनों को स्क्रैप यार्ड नहीं पहुंचाएंगे, उनके वाहनों को इंपाउंड करने के लिए अभियान चलाया जाएगा। एक बार वाहन इंपाउंड होने के बाद उसे पूरी तरह जब्त कर लिया जाएगा। नया वाहन खरीदने पर छूट के नाम पर कुछ नहीं मिलेगा।